दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का संगठन,)
DELHI PUBLIC LIBRARY
(Ministry of Culture, Govt. of India Organization)

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, चाँदनी चौक में बच्चों एवं युवाओं में मोबाइल फोन की लत विषय पर ''दूरियां'' नाटक का मंचन ।

आज दिनांक 8.8.2018 को दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के अमीर खुसरो सभागार में बच्चों एवं युवाओं में मोबाइल फोन की बढ़ती लत के विषय पर एक नाटक ''दूरियाँ'' का मंचन किया गया । इस अवसर पर दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड के अध्यक्ष, डॉ. रामशरण गौड एवं अन्य अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों के बच्चे उपस्थित थे । इस नाटक का लेखन एवं निर्देशन श्री सतीश कुमार ने किया है । उनके ग्रुप की बालिकाओं ने इस नाटक को प्रस्तुत किया ।

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा इस नाटक को बच्चों एवं युवाओं के समक्ष रखने का उद्देश्य यह था कि वर्तमान समय में बच्चों एवं युवाओं मोबाइल फोन की बहुत बुरी लत लग चुकी है । बच्चे एवं युवा इस बुरी लत के चलते अपने रिश्ते, शिक्षा, परिवार, मानवता की भावना और विशेष रूप से पुस्तकों से दूर होते जा रहे हैं । वे अपना स्वास्थ्य खोते जा रहे है और बिमारियों से ग्रस्त होते जा रहे हैं । इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा यह नाटक प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर अपने उद्बोधन में दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड के अध्यक्ष, डॉ. रामशरण गौड़ ने मोबाइल फोन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में सभी को अवगत कराया एवं इस नाटक से शिक्षा लेने का आग्रह किया । बच्चों ने बहुत चाव से एवं ध्यान से इस नाटक को देखा । अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने, दिल्ली-110006
Dr. Shyama Prasad Mukherjee Marg, Opp. Old Delhi Railway Station, Delhi-110006
Ph: 23991373, 23951118, 23951116, 23979297 , 25992315
Website: www.dpl.gov.in; Email: delhipubliclibrary@gmail.com; dpl@dpl.gov.in

08/08/2018

08/08/2018

08/08/2018

08/08/2018